

बॉल-टैम्परिंग इसकी जिम्मेदारी पूरी टीम को मिलकर उठानी चाहिए थी, न कि केवल उन तीन खिलाड़ियों पर डालनी चाहिए थी जिन्हें सजा मिली। स्टीव स्मिथ, डेविड वॉर्नर और कैमरन बैनक्रॉफ्ट ये वे खिलाड़ी थे जिन्हें पूरी टीम की ओर से परिणाम भुगतने पड़े। – उस्मान ख्वाजा

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर, सैंडपेपर स्कैंडल की घटना को लेकर।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी



सूर्यकुमार यादव

भारतीय क्रिकेट में एक बार फिर सूर्यकुमार यादव को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। पूर्व भारतीय कप्तान को सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के लिए मुंबई टीम की कमान सौंपी गई है। यह घरेलू टी20 टूर्नामेंट 14 नवंबर से शुरू होने जा रहा है। सूर्यकुमार की कप्तानी में मुंबई की टीम इस बार खिताब जीतने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। टीम में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ युवा प्रतिभाओं को भी जगह दी गई है। सूर्यकुमार ने कहा कि टीम में अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं का अच्छा मेल है। उन्हें भरोसा है कि सभी खिलाड़ी एकजुट होकर पूरी ताकत से खेलेंगे और हर मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

क्या आप जानते हैं ?... भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 200 मुकाबले जीतने वाली दुनिया की पहली टीम बनने का ऐतिहासिक रिकॉर्ड अपने नाम किया है।

विश्व चैम्पियनशिप : ईशा, मनु और दिव्या ने 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में जीता स्वर्ण

दोहा, 10 नवंबर। भारत की ईशा सिंह, मनु भाकर और दिव्या सुबराजू की तिकड़ी ने मंगलवार को आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया। भारतीय निशानेबाजों ने कुल 1761 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

दक्षिण कोरिया की जिन यांग, येजिन ओह और दाजुंग नाम की टीम 1748 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही और रजत पदक जीता। वहीं, वियतनाम की टीम ने 1745 अंकों के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

भारत की ओर से ईशा सिंह ने सर्वाधिक 590 अंक जुटाए। उन्होंने प्रिसिजन राउंड में 292 और रैपिड राउंड में शानदार 298 अंक हासिल किए। मनु भाकर ने प्रिसिजन में 289 और रैपिड में 298 अंक के साथ कुल 587 अंक जोड़े। दिव्या सुबराजू ने प्रिसिजन में 289 और रैपिड में 295 अंक हासिल कर 584 अंकों का योगदान दिया।

ईशा ने प्रिसिजन की तीन सीरीज में क्रमशः 97, 96 और 99 अंक बनाए। इसके बाद रैपिड राउंड में उन्होंने 100, 98 और 100 अंक हासिल किए। मनु ने प्रिसिजन में 96, 96 और 97 अंक जुटाए, जबकि रैपिड में 99, 99 और 100 अंक बनाए।

भारत-न्यूजीलैंड तीसरा वनडे बारिश के कारण रद्द

टॉस हुआ लेकिन एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी, भारत अब सीरीज नहीं हार सकता

नई दिल्ली, 10 नवंबर। बारिश के कारण भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाला तीसरा वनडे मैच रद्द कर दिया गया। हैमिल्टन में मंगलवार को सिर्फ टॉस हो सका। तय किया गया कि मुकाबला 40-40 ओवर का होगा। लेकिन, लगातार बारिश के कारण बिना एक भी गेंद फेंके मैच रद्द कर दिया गया।

यह मैच धुल जाने से इतना तय हो गया है कि टीम इंडिया अब यह सीरीज नहीं हार सकती। पांच मैचों की सीरीज के पहले दो मुकाबले भारत जीत चुका है। अब अगर न्यूजीलैंड आखिरी दो मैच जीत भी लेता है तो भी सीरीज बराबर ही होगी।



सबसे ज्यादा वनडे रद्द होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भारत और न्यूजीलैंड के नाम

वनडे क्रिकेट में बारिश सहित अन्य कारणों से सबसे ज्यादा मैच रद्द होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भारत और न्यूजीलैंड के नाम ही दर्ज है। भारत ने अब तक 1086 वनडे खेले हैं। इनमें से 44 रद्द हुए हैं। न्यूजीलैंड के 860 वनडे में से 44 रद्द हुए हैं।

भारत सीरीज में 2-0 से आगे

हैमिल्टन में लगातार बारिश के कारण भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा वनडे रद्द हो गया। मैच रद्द होने के साथ ही दोनों टीमों के खिलाड़ी हाथ मिलाते नजर आए। अब सीरीज के बाकी दो मुकाबले 13 और 15 नवंबर को माउंट माउंगानुई में खेले जाएंगे। भारत 5 मैचों की सीरीज में 2-0 से आगे है। माउंट माउंगानुई में फिलहाल मौसम अच्छा रहने का अनुमान है, ऐसे में बाकी दोनों मैच पूरे होने की उम्मीद है।

पंत फिट होकर न्यूजीलैंड दौरे पर जाएंगे

नई दिल्ली, 10 नवंबर। स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट शृंखला से पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' से फिटनेस मंजूरी मिलने की उम्मीद है। पंत फिटनेस संबंधी मंजूरी मिलने के बाद बृहस्पतिवार को न्यूजीलैंड के लिए रवाना हो सकते हैं। उनकी मौजूदगी टेस्ट टीम को मजबूती प्रदान करेगी। पंत को शेष भारत की ओर से ईरानी कप में खेलते समय साइड स्ट्रेन (मांसपेशियों में खिंचाव) की चोट लग गई थी। इसके बाद उन्हें शुरुआत में फिटनेस के आधार पर एक अनौपचारिक टेस्ट मैच के लिए भारत ए टीम में शामिल किया गया था। वह सीओई से जरूरी आरटीपी (रिटर्न टू प्ले) यानी खेलों में वापसी से जुड़ा प्रमाणपत्र हासिल नहीं कर सके थे।

इस घटनाक्रम से जुड़े बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई को बताया, "पंत पूरी तरह फिट हैं। वह आज सीओई में मैच सिमुलेशन (मैच जैसी परिस्थिति) अभ्यास कर रहे हैं। बुधवार को उनका एक और सिमुलेशन सत्र निर्धारित है। दोनों सत्र सफलतापूर्वक पूरे करने के बाद पंत 12 नवंबर को वेलिंगटन के लिए रवाना हो जाएंगे।" गौरतलब है कि मौजूदा भारतीय टीम में पंत उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें न्यूजीलैंड की धरती पर टेस्ट क्रिकेट खेलने का अनुभव है। भारतीय टीम ने पिछली बार 2020 में न्यूजीलैंड का दौरा किया था और पंत उस दौरे का हिस्सा थे। आक्रामक रवैये के साथ बल्लेबाजी के लिए जाने जाने वाले 29 वर्षीय पंत मौजूदा टीम के अनुभवी खिलाड़ियों में शुमार हैं।

बारिश ने चौथे दिन का खेल धोया, भारत-ए और न्यूजीलैंड-ए के बीच ड्रॉ रही टेस्ट सीरीज

लिंकन, 10 नवंबर। भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच खेली गई तीन मैचों की अनौपचारिक टेस्ट सीरीज का तीसरा और अंतिम मुकाबला भी ड्रॉ पर समाप्त हो गया। चौथे दिन बारिश के कारण खेल नहीं हो सका और इसके साथ ही पूरी सीरीज भी बराबरी पर खत्म हुई। चार दिवसीय तीनों मुकाबलों में कोई नतीजा नहीं निकल सका। मैच के चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक न्यूजीलैंड ए ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 36 रन बनाए थे। डीन फॉक्सक्रॉफ्ट 10 और जैक गिब्सन एक रन बनाकर नाबाद थे। न्यूजीलैंड ए को जीत के लिए अभी 428 रन की जरूरत थी। इससे पहले न्यूजीलैंड ए ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था।

भारत ए ने पहली पारी में पांच विकेट पर 464 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत की थी। टीम को यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन ने पहले विकेट के लिए 175 रन की शानदार साझेदारी दिलाई। जायसवाल ने 138 गेंदों पर 16 चौकों और दो छक्कों की मदद से 102 रन बनाए, जबकि सुदर्शन ने 215 गेंदों पर 11 चौकों की सहायता से 88 रन की पारी खेली। इसके बाद तिलक वर्मा ने 164 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 81 रन बनाए। कप्तान ध्रुव जुरेल ने 95 गेंदों पर नौ चौकों और दो छक्कों की मदद से 71 रन जोड़े। वहीं, वाशिंगटन सुंदर 107 गेंदों पर 50 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड ए की ओर से जैक गिब्सन ने दो विकेट लिए।

पडिक्कल रहे भारत ए के शीर्ष स्कोरर

आगामी 19 नवंबर से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज से पहले भारत ए के बल्लेबाजों का प्रदर्शन सकारात्मक रहा। देवदत्त पडिक्कल तीन मैचों की पांच पारियों में 65.20 की औसत से 326 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। उन्होंने एक शतक और एक अर्धशतक लगाया। यशस्वी जायसवाल ने तीन मैचों की पांच पारियों में 69.75 की औसत से 279 रन बनाए। उन्होंने दो शतक लगाए और शुरुआती कुछ पारियों में कम स्कोर के बाद लगातार दो शतक जड़े। साई सुदर्शन ने 46.20 की औसत से 231 रन बनाए, जिसमें दो अर्धशतक शामिल रहे। कप्तान ध्रुव जुरेल ने चार पारियों में 44.75 की औसत से 179 रन बनाए। उनके नाम एक शतक और एक अर्धशतक रहा। बिना अंतरराष्ट्रीय अनुभव वाले बल्लेबाज यश राठौड़ का प्रदर्शन भी भारत ए के लिए सकारात्मक रहा। उन्होंने दो मैचों में 111.50 की औसत से 223 रन बनाए, जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। गेंदबाजी में औकिब नबी ने एक मैच में छह विकेट, जबकि मोहम्मद सिराज ने एक मैच में चार विकेट लेकर प्रभावित किया।

बीसीसीआई ने दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए घोषित की टेस्ट, वनडे और टी-20 स्क्वॉड

नई दिल्ली, 10 नवंबर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने दक्षिण अफ्रीका के आगामी दौरे के लिए टीमों की घोषणा कर दी है। इस दौरे में एक टेस्ट मैच, तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेले जाएंगे। टेस्ट मैच 9 दिसंबर को गेबेरहा में शुरू होगा, जबकि सीमित ओवरों की सीरीज 16 दिसंबर से शुरू होगी। तीन वनडे मैच क्रमशः 16, 19 और 22 दिसंबर को पार्ल, केप टाउन और ब्लोमफ्रोन्टेन में खेले जाएंगे। इसके बाद टी20 सीरीज होगी, जिसके मैच 26, 29 और 30 दिसंबर को खेले जाएंगे। पहला मैच बेनोनी में होगा, जबकि बाकी दो मैच पोचेफस्ट्रूम में आयोजित किए जाएंगे।

जेमिमा रोड्रिग्स और अमनजोत कौर अपनी-अपनी चोटों से उबरने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं। टीम के चयन से कई खिलाड़ियों को टेस्ट, वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों में खेलने के मौके मिले हैं। रोड्रिग्स को तीनों टीमों में शामिल किया गया है। वह यूनाइटेड किंगडम में द हंड्रेड टूर्नामेंट के दौरान हैमस्ट्रिंग की समस्या से जूझ रही थीं, जिससे अब वह पूरी तरह उबर चुकी हैं। वहीं, लंबे समय तक बाहर रहने के बाद अमनजोत कौर ने टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में अपनी जगह बना ली है। उन्होंने आखिरी बार फरवरी में ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान भारत के लिए खेला था।

रेणुका सिंह जिम्बाब्वे के खिलाफ हाल ही में हुई सीरीज से बाहर रहने के बाद टी20 टीम में लौट आई हैं। हालांकि, इस तेज गेंदबाज को भारत की टेस्ट और वनडे टीमों में शामिल नहीं किया गया है। जिन्तिमणि कलिता, जिन्होंने हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज में अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया था, उन्होंने 50 ओवर वाले फॉर्मेट में अपनी जगह बरकरार रखी है और उन्हें पहली बार टेस्ट टीम में भी चुना गया है। हालांकि, वह आने वाली टी20 सीरीज का हिस्सा नहीं होंगी।

सयाली सतघरे को सबसे छोटे फॉर्मेट (टी20) में मौका मिला है, जबकि वह पहले भी भारत के लिए टेस्ट और वनडे खेल चुकी हैं। वहीं, श्रेयंका पाटिल और मिन्नू मणि को टी20 टीम से बाहर कर दिया गया है। चयनकर्ताओं ने स्पिन विकल्पों के तौर पर दीप्ति शर्मा, श्री चरानी और प्रेमा रावत को प्राथमिकता दी है।

वनडे टीम में केवल दो बदलाव किए गए हैं; तेजल हसबनीस और रेणुका सिंह की जगह रोड्रिग्स और कलिता को शामिल किया गया है।

टेस्ट टीम: स्मृति मंधाना सी, शैफाली वर्मा, प्रतिका रावल, हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देयोल, ऋचा घोष विकेटकीपर, यास्तिका भाटिया विकेटकीपर, दीप्ति शर्मा वीसी, श्री चरणी, स्नेह राणा, क्रांति गौड़, नंदनी शर्मा, जिन्तिमणि कलिता, सयाली सतघरे।

एकदिवसीय टीम : स्मृति मंधाना सी, शैफाली वर्मा, प्रतिका रावल, हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देयोल, ऋचा घोष विकेटकीपर, यास्तिका भाटिया विकेटकीपर, दीप्ति शर्मा वीसी, श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा, क्रांति गौड़, नंदनी शर्मा, जिन्तिमणि कलिता, सयाली सतघरे।

टी-20 टीम: स्मृति मंधाना सी, शैफाली वर्मा वीसी, जेमिमा रोड्रिग्स, हरमनप्रीत कौर, निकी प्रसाद, ऋचा घोष डब्ल्यूके, जी. कमलिनी डब्ल्यूके, अनुष्का शर्मा, दीप्ति शर्मा, श्री चरणी, प्रेमा रावत, अमनजोत कौर, क्रांति गौड़, नंदनी शर्मा, रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, सयाली सतघरे।

आईपीएल में 2028 से जुड़ेंगी 2 नई टीमें

बीसीसीआई पुणे और वडोदरा पर कर रहा विचार

नई दिल्ली, 10 नवंबर। आईपीएल में एक बार फिर टीमों की संख्या बढ़ सकती है। बीसीसीआई 2028 के सत्र से कम से कम 2 नई टीमों को शामिल करने की योजना पर विचार कर रहा है। अगर ऐसा होता है तो इस लोकप्रिय क्रिकेट लीग में मुकाबलों की संख्या बढ़ने के साथ इसका कारोबार भी और बड़ा हो सकता है। शुरुआती चर्चा में महाराष्ट्र के पुणे और गुजरात के वडोदरा शहर नए ठिकानों के रूप में सामने आए हैं। बीसीसीआई के भीतर इस विस्तार को लेकर बातचीत अभी शुरुआती दौर में है। ऐसे में अंतिम फैसला होने तक नए शहरों के नाम बदल भी सकते हैं। प्रस्तावित विस्तार का समय आईपीएल के अगले प्रसारण अधिकार समझौते से भी जुड़ा हुआ है। यह समझौता 2028 से 2032 तक के लिए होना है। रिपोर्ट के अनुसार, नई टीमों में से प्रत्येक का मूल्यांकन 1 अरब डॉलर से अधिक हो सकता है।



नई टीमों को खरीदने में कई बड़े निवेशकों की दिलचस्पी बताई जा रही है। इनमें निजी निवेश कंपनी परमिरा, पश्चिम एशिया के सरकारी निवेश कोष, एशियाई देशों की सरकारी निवेश संस्थाएं, अमेरिका के बड़े निवेशक परिवार और भारत के प्रमुख कारोबारी समूह शामिल हैं। इसके अलावा बेहद अमीर व्यक्तिगत निवेशक भी नई टीमों में पूरी या छोटी हिस्सेदारी खरीदने के विकल्प तलाश रहे हैं।

वडोदरा का नाम सामने आने के पीछे गुजरात में खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने की कोशिश भी एक वजह है। यह शहर अहमदाबाद से करीब 110 किलोमीटर दूर है। अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस अपने घरेलू मुकाबले खेलती है। केंद्र सरकार भी अहमदाबाद को अंतरराष्ट्रीय खेलों के बड़े केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना पर जोर देती रही है। भारत की 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी की दावेदारी के संदर्भ में भी शहर के खेल ढांचे को मजबूत करने की बात कही गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 4 सितंबर को जारी सरकारी जानकारी में अहमदाबाद की खेल संबंधी योजनाओं का जिक्र किया था।

वहीं, पुणे का आईपीएल से पुराना नाता रहा है। 2011 से 2013 तक सहारा समूह की पुणे वॉरियर्स इंडिया टीम इस लीग का हिस्सा थी। हालांकि, टीम ने बीसीसीआई के साथ टीम शुल्क को लेकर आर्थिक विवाद के बाद लीग छोड़ दी थी। इसके बाद 2016 और 2017 में राइजिंग पुणे सुपरजायंट ने आईपीएल में हिस्सा लिया। उस समय चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स पर प्रतिबंध लगा हुआ था। पुणे की टीम 2017 के फाइनल तक पहुंची थी, लेकिन मुंबई इंडियंस से केवल 1 रन से हार गई थी। आईपीएल में नई टीमों की संभावित कीमत बढ़ने की एक बड़ी वजह हाल में हुए दो बड़े मालिकाना सौदे भी हैं। डियाजियो की भारतीय कंपनी यूनाइटेड स्पिरिट्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को आदित्य बिड़ला समूह, बेनेट कोलमैन एंड कंपनी, ब्लैकस्टोन और बोल्ट वेंचर्स के समूह को बेचने पर सहमति दी है। इस सौदे में टीम का मूल्यांकन 1.78 अरब डॉलर किया गया है।

इसी तरह लक्ष्मी मित्तल परिवार और अदार पूनावाला के नेतृत्व वाले समूह ने राजस्थान रॉयल्स का अधिग्रहण किया है। इस सौदे में टीम की कीमत 1.65 अरब डॉलर आंकी गई है। इन दोनों सौदों के बाद नई टीमों की कीमत भी ऊंची रहने की उम्मीद है।

बता दें कि आईपीएल का पिछला विस्तार 2022 के सत्र से पहले हुआ था। उस समय लखनऊ सुपर जायंट्स को आरपीएसजी समूह ने 940 मिलियन डॉलर में खरीदा था, जबकि सीवीसी कैपिटल पार्टनर्स ने गुजरात टाइटंस के लिए 750 मिलियन डॉलर की बोली लगाई थी।

हालांकि, नई टीमों को शामिल करने का फैसला केवल निवेशकों की दिलचस्पी पर निर्भर नहीं करेगा। बीसीसीआई को बड़े भारतीय खिलाड़ियों की उपलब्धता, मुकाबलों की बढ़ती संख्या और प्रसारण कंपनियों की रुचि को भी ध्यान में रखना होगा। मौजूदा 2023 से 2027 के प्रसारण अधिकार 6.2 अरब डॉलर में बेचे गए थे। ऐसे में नई टीमों के आने से मुकाबले बढ़ेंगे और अगले प्रसारण समझौते की कीमत पर भी इसका असर पड़ सकता है।

जापान मास्टर्स के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंची त्रीसा-गायत्री की जोड़ी

कुमामोटो, 10 नवंबर। भारतीय महिला युगल जोड़ी त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने जापान मास्टर्स 2026 के दूसरे दौर में जगह बना ली है। मंगलवार को कुमामोटो प्रीफेक्चरल जिम्नेजियम में खेले गए मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने जापान की हिनाता सुजुकी और नाओ यामाकिता को सीधे गेमों में हराया। त्रीसा और गायत्री ने पहला गेम 21-17 से अपने नाम किया। इसके बाद दूसरे गेम में भी भारतीय जोड़ी ने अपना दबदबा बनाए रखा और 21-14 से जीत दर्ज की। यह मुकाबला 42 मिनट तक चला। इस जीत के साथ दोनों ने प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पुरुष युगल में हरिहरन अमसकरुणन और अर्जुन एमआर को पूर्व विश्व चैंपियन मलेशियाई जोड़ी आरोन चिया और सोह वूई यिक के खिलाफ वॉकओवर मिला। मुकाबले के पहले गेम में भारतीय जोड़ी 11-6 से आगे थी, तभी मलेशियाई खिलाड़ियों ने चोट या अन्य कारणों का उल्लेख किए बिना मुकाबले से हटने का फैसला किया। इससे पहले दिन में मिश्रित युगल जोड़ी ध्रुव कपिला और राधिका शर्मा को क्वालीफिकेशन दौर में हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी को अमेरिका की चेन झी यी और फ्रांसेस्का कॉर्बेट ने सीधे गेमों में हराया।

चुनाव अधिकारी ने जारी की लिस्ट, आईओए चुनाव में 30 एनएसएफ को मतदान का अधिकार मिला

नई दिल्ली, 10 नवंबर। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की पांच दिसंबर को होने वाली कार्यकारी परिषद के चुनाव में 30 राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) के दो-दो प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे लेकिन गुटबाजी से जूझ रहा राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ चुनाव प्रक्रिया से बाहर रहेगा। तदर्थ समिति द्वारा संचालित भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) और इंडियन गोल्फ यूनियन (आईजीयू) को भी मतदान के लिए पात्र महासंघों की सूची में जगह नहीं मिली है। आईजीयू के एक गुट को आईओए की मान्यता प्राप्त है, जबकि दूसरे गुट को खेल मंत्रालय ने मान्यता दे रखी है। आईओए के चुनाव अधिकारी संजय के. श्रीवास्तव ने सोमवार को 30 राष्ट्रीय खेल महासंघों की सूची जारी की। इन महासंघों को पांच दिसंबर के चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल का सदस्य बनाने के वास्ते एक पुरुष और एक महिला प्रतिनिधि नामित करने होंगे। इन महासंघों में फुटबॉल, टेनिस, कबड्डी, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, बॉलिंग, साइकिलिंग, तलवारबाजी, जिम्नास्टिक, हैंडबॉल, हॉकी, आइस हॉकी, आइस स्केटिंग, कयाकिंग एवं कैनोइंग, रग्बी, ट्रायथलॉन, भारोत्तोलन, जूडो, ल्यूज, मॉडर्न पेंटाथलॉन, निशानेबाजी, नेटबॉल, रोइंग, स्की एवं स्नोबोर्ड, तैराकी, स्क्वाश, कुश्ती और वुशु शामिल हैं। इन सभी महासंघों को 12 नवंबर को दोपहर तीन बजे तक अपने प्रतिनिधियों के नाम भेजने को कहा गया है। आईओए के संविधान के मुताबिक, जिन खेलों को ओलंपिक, एशियाई या राष्ट्रमंडल खेलों के कार्यक्रम में शामिल किया गया है, उनके राष्ट्रीय महासंघ आम सभा के लिए दो प्रतिनिधि नामित कर सकते हैं। इनके अलावा आठ उत्कृष्ट खिलाड़ियों, एथलीट आयोग के दो सदस्यों और भारत में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्य को भी मतदान का अधिकार होगा।

मुंबई इंडियंस में शामिल होंगे अर्शदीप, पीबीकेएस से जुड़ेंगे हार्दिक पांड्या

नई दिल्ली, 10 नवंबर। आईपीएल 2027 सीज़न से पहले, अर्शदीप सिंह मुंबई इंडियंस में शामिल होने जा रहे हैं, जबकि हार्दिक पांड्या पंजाब किंग्स का हिस्सा बनेंगे। इस अदला-बदली की चर्चा ने ज़ोर पकड़ लिया है और बताया जा रहा है कि दोनों फ्रेंचाइजी इस डील को पूरा करने के अंतिम चरण में हैं। ज़रूरी कागज़ी कार्रवाई भी पूरी कर ली गई है और अंतिम मंज़ूरी के लिए बीसीसीआई को सौंप दी गई है। आधिकारिक घोषणा से पहले, अर्शदीप के पिता दर्शन सिंह ने इस बात की पुष्टि की है कि प्रक्रिया चल रही है। हालाँकि, उन्होंने बताया कि शुरुआत में परिवार इस प्रस्ताव को सुनकर हैरान रह गया था। साथ ही, उन्होंने पंजाब फ्रेंचाइजी के प्रति अपना लगाव भी ज़ाहिर किया और बताया कि उनका इस टीम के साथ गहरा जुड़ाव है, क्योंकि वे उसी क्षेत्र से आते हैं। हार्दिक के संभावित ट्रेड के लिए मुंबई कई फ्रेंचाइजी के संपर्क में थी।

महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय हॉकी टीम घोषित, सलीमा टेटे संभालेंगी कप्तानी

नई दिल्ली, 10 नवंबर। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को मध्य प्रदेश महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी भोपाल 2026 के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी। मिडफील्डर सलीमा टेटे टीम की कप्तानी जारी रखेंगी। यह टीम पिछले महीने जापान में हुए एशियाई खेलों में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलेगी। टूर्नामेंट का आयोजन 19 से 28 नवंबर तक भोपाल के नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर, नाथू बरखेड़ा में किया जाएगा। मेजबान भारत मौजूदा चैंपियन होने के साथ तीन बार इस खिताब को जीत चुका है। भारतीय टीम ने 2016, 2023 और 2024 में यह ट्रॉफी अपने नाम की थी। अब उसकी नजर लगातार तीसरी और कुल चौथी बार चैंपियन बनने पर होगी। इस छह देशों के टूर्नामेंट में भारत के अलावा चीन, जापान, मलेशिया, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया की टीमें हिस्सा लेंगी। भारत की तरह दक्षिण कोरिया भी तीन बार यह खिताब जीत चुका है। प्रतियोगिता राउंड रॉबिन प्रारूप में खेली जाएगी। प्रत्येक टीम लीग चरण में अन्य पांच टीमों से एक-एक बार भिड़ेगी। लीग चरण के बाद शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। मुख्य कोच सजॉर्ड मारिजने ने कहा, यह मेरे लिए अन्य खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका देने का समय है। कुछ खिलाड़ी अपनी सामान्य भूमिका से अलग स्थानों पर खेलेंगी, ताकि मैं देख सकूं कि वे नई भूमिका में कैसा प्रदर्शन करती हैं।

अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी के लिए राजस्थान टीम चयन शिविर में 36 खिलाड़ियों को मिला मौका

11 से 23 तक प्रशिक्षण शिविर

जयपुर, 10 नवंबर। राजस्थान क्रिकेट संघ की ओर से बीसीसीआई अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी के आगामी मुकाबलों के लिए राजस्थान टीम के चयन की प्रक्रिया के तहत 36 खिलाड़ियों को शिविर के लिए चयनित किया गया है। यह शिविर 11 से 23 नवंबर 2026 तक आरसीए अकादमी, जयपुर में आयोजित होगा। शिविर में प्रदेश के विभिन्न जिलों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। चयनित खिलाड़ियों में जयपुर से सर्वाधिक सात खिलाड़ी शामिल हैं। वहीं बीकानेर से चार, जोधपुर से तीन, भरतपुर, भीलवाड़ा और धौलपुर से दो-दो तथा अजमेर, अलवर, बाड़मेर, बूंदी, डूंगरपुर, जैसलमेर, झालावाड़, झुंझुनूं, कोटा, नागौर, सवाई माधोपुर, सीकर, सिरोही, श्रीगंगानगर और टोंक से एक-एक खिलाड़ी को अवसर मिला है।

शिविर के लिए चयनित खिलाड़ी : मिरान खान (अजमेर), नवीन यादव (अलवर), सुमित सैनी (बाड़मेर), गिरीश चौधरी और सुमित शर्मा (भरतपुर), शौर्य वर्धन सिंह शेखावत और अनिल दारा (भीलवाड़ा), अजय सियाग, सुमित तेजी, रोहित सिगड़ और शौर्य मेहरा (बीकानेर), सिद्धांत सोनी (बूंदी), अथर्व सिंह और दिव्यांशु मीतवार (धौलपुर), हेमेंद्र सिंह राव (डूंगरपुर), अभय शर्मा, वंश शर्मा, यश शर्मा, प्रखर शर्मा, प्रतीक चौधरी, गौरव सैनी और अविनाश यादव (जयपुर), चेतन कुमार (जैसलमेर), यथार्थ भारद्वाज (झालावाड़), हर्षवर्धन सिंह और मयंक (झुंझुनूं), वैभव राजपुरोहित, शोभाग सिंह भाटी और जगदीश चौधरी (जोधपुर), आराध्य अग्रवाल (कोटा), यश चौधरी (नागौर), रक्षित श्रीमाल (सवाई माधोपुर), दर्शन पचार (सीकर), रोहन चौधरी (सिरोही), आदित्य भांभू (श्रीगंगानगर) और आदित्य वाधवा (टोंक)। शिविर में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर राजस्थान की अंडर-19 टीम का चयन किया जाएगा, जो कूच बिहार ट्रॉफी में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया प्रमुख ग्रीनबर्ग ने सैंड पेपर विवाद की जांच दोबारा शुरू करने से किया इंकार



सिडनी, 10 नवंबर। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख टॉड ग्रीनबर्ग ने मंगलवार को 2018 के चर्चित सैंडपेपर विवाद की जांच दोबारा शुरू करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें नए सिरे से जांच कराने की कोई ठोस वजह नजर नहीं आती। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने अपनी आत्मकथा में दावा किया है कि 2018 में गेंद से छेड़छाड़ की योजना के बारे में पूरी टीम को जानकारी थी और यह मामला केवल कुछ खिलाड़ियों तक सीमित नहीं था। मंगलवार को जारी हुई उनकी किताब के बाद इस विवाद पर एक बार फिर बहस तेज हो गई है। उस समय दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को गेंद पर सैंडपेपर का इस्तेमाल करते हुए पकड़ा गया था, ताकि गेंद को रिवर्स स्विंग मिल सके। ग्रीनबर्ग ने स्थानीय रेडियो स्टेशन एसईएन से बातचीत में कहा कि खिलाड़ियों के इस मामले को लेकर ख्वाजा के दावे से बिल्कुल अलग विचार हैं। उन्होंने कहा, उनकी किताब में कुछ खास विवरण ऐसे हैं, जो दूसरे लोगों द्वारा दिए गए बयानों से मेल नहीं खाते। हालांकि, हमें मिली जानकारी के आधार पर हम जांच के नतीजे से संतुष्ट हैं। इसमें वह जानकारी भी शामिल है, जो हमने उस्मान से देखी है। इस मामले पर हमारा रुख नहीं बदला है। हमें जांच दोबारा शुरू करने या इस मामले की फिर से समीक्षा करने की कोई ठोस वजह नजर नहीं आती। मुझे नहीं लगता कि ऐसा करने से कुछ हासिल होगा। इस मामले के समय क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रहे जेम्स सदरलैंड ने मंगलवार को टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। वहीं, 2019 में अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलने वाले कैमरन बैनक्रॉफ्ट ने भी सोमवार को ऑस्ट्रेलियाई मीडिया से इस बारे में कुछ कहने से इनकार कर दिया। बैनक्रॉफ्ट ने 2021 में 'द गार्जियन' को दिए एक साक्षात्कार में कहा था कि यह बात अपने आप स्पष्ट थी कि स्टीव स्मिथ और डेविड वार्नर के अलावा टीम के अन्य खिलाड़ियों को भी गेंद से छेड़छाड़ की योजना की जानकारी थी।

वर्ल्ड कप प्लेऑफ के लिए भारतीय पोलो टीम नाइजीरिया पहुंची

भारत सहित चार देशों की टीमें लेंगी हिस्सा, पहला मुकाबला आज

जयपुर, 10 नवंबर। 13वें एफआईपी पोलो वर्ल्ड कप 2027 के प्लेऑफ मुकाबलों में हिस्सा लेने के लिए भारतीय पोलो टीम नाइजीरिया पहुंच गई है। प्लेऑफ में भारत सहित ईरान, पाकिस्तान और मेजबान नाइजीरिया की टीमें फाइनल टूर्नामेंट में जगह बनाने के लिए जोर आजमाइश करेंगी। प्लेऑफ मुकाबले 11, 13 और 15 नवंबर को खेले जाएंगे। इन मुकाबलों का ड्रॉ 10 नवंबर को स्थानीय समयानुसार निकाला गया। भारतीय टीम का पहला मुकाबला 11 नवंबर को होगा। टीम का लक्ष्य प्लेऑफ में शानदार प्रदर्शन कर विश्व कप के फाइनल चरण में प्रवेश करना है। भारतीय टीम की कमान सिमरन शेरगिल (+4) संभालेंगे। टीम में पद्मनाभ सिंह (+4), सिद